प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 37/2022)

तत्काल प्रकाशन के लिए

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

भादूविप्रा ने "आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए ट्रेन नियंत्रण प्रणाली के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की स्पेक्ट्रम आवश्यकताएं" पर परामर्श पत्र जारी किया

नई दिल्ली, 9 जून 2022 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने आज "आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए ट्रेन नियंत्रण प्रणाली के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की स्पेक्ट्रम आवश्यकताएं" पर एक परामर्श पत्र जारी किया है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने अपने पत्र दिनांक 29 नवंबर 2021 के माध्यम से भादूविप्रा को सूचित किया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के ट्रेन नियंत्रण प्रणाली के लिए, प्रथम चरण में दिल्ली-गाजियाबाद- मेरठ, दिल्ली-गुरुग्राम-अलवर, दिल्ली-पानीपत सहित लगभग 350 किलोमीटर की लंबाई के 3 रेल कॉरिडोर सहित 8 रेल कॉरिडोर कार्यान्वित किए जाने के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने का अनुरोध किया है।

2. इस संदर्भ में, दूरसंचार विभाग ने भादूविप्रा से निम्नलिखित अनुशंसाएं प्रदान करने का अनुरोध किया:

(i) एनसीआरटीसी को स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक असाइनमेंट और 700 मेगाहर्ट्ज बैंड में एनसीआरटीसी की अलग स्पेक्ट्रम आवश्यकताओं के लिए मात्रा, मूल्य निर्धारण/चार्जिंग किसी भी अन्य नियम और शर्तों पर अनुशंसाएं।

(ii) अन्य अखिल भारतीय आरआरटीएस / मेट्रो रेल नेटवर्क के लिए वही स्पेक्ट्रम के असाइनमेंट सहित, इस उद्देश्य के लिए उपयुक्त समझी जाने वाली कोई अन्य अनुशंसाएं।

3. इस संबंध में, हितधारकों से इनपुट मांगते हुए, "आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए ट्रेन नियंत्रण प्रणाली के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की स्पेक्ट्रम आवश्यकताएं" पर एक परामर्श पत्र को भादूविप्रा की वेबसाइट (www.trai.gov.in) पर उपलब्ध करवाया गया है। इस परामर्श पत्र में उपर्युक्त मुद्दों पर हितधारकों के विचार के लिए विशिष्ट मुद्दों को उठाया गया है। परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर 7 जुलाई 2022 तक हितधारकों से लिखित टिप्पणियां और 21 जुलाई 2022 तक प्रति-टिप्पणियां आमंत्रित की गयी हैं।

4. टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में advmn@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए, श्री एस. टी. अब्बास, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग) से दूरभाष क्रमांक. +91-11-23210481 पर संपर्क किया जा सकता है।

(वी. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा